तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

11 नरोत्तम बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री


12 23 जनवरी को मां परमेश्वरी जयंती महोत्सव में शामिल होंगे...






कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस
नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें
बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा
फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।

छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म
कुणाल एग्रो

■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला


## खबर संक्षेप

### 4 को सजेगा सतनामी समाज का राष्ट्र स्तरीय परिचय सम्मेलन



**राजिम।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से राजधानी रायपुर में राज टॉकीज के सामने स्थित शहीद स्मारक भवन में 4 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे से सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक- युवतियों के लिए राष्ट्र स्तरीय विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अपने भावी जीवन साथी की तलाश में छ.ग. सहित कई प्रांतों से बड़ी संख्या में नवयुगल प्रतिभागी अपने परिजनों के साथ राजधानी पहुंच रहे है,जहां बड़ी संख्या में वैवाहिक रिश्ते जुड़ेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष के.पी. खण्डे, प्रवक्ता चेतन चंदेल ,प्रदेश प्रतिनिधि भागचंद चतुर्वेदी, महिला प्रदेश अध्यक्ष धनेश्वरी डांडे ने बताया कि इस बार राजधानी में दसवें वर्ष का आयोजन होने जा रहा है जिसका प्रसारण बड़े-बड़े एलईडी. स्क्रीन के साथ फेसबुक लिंक के माध्यम से पूरे देश भर में इसे लाईव प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम दिवस 4 जनवरी को प्रतिभागियों के पंजीयन हेतु कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही तीन अलग-अलग विशेष काउंटर खुली रहेगी जहां अविवाहित नवयुगल प्रतिभागियों के अलावा समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला/ पुरुष भी अपना पंजीयन करवा सकेंगे। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी।

### ग्राम तूता में आज से मड़ई - मेला

**अभनपुर।** नया रायपुर ग्राम तूता मे 2 जनवरी शुक्रवार को समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से मंडई मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू,विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू,पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू,भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, जिपं.सदस्य पूजालोकमणी कोसले,जनपद अध्यक्ष चंनद्रिका जितेन्द्र बंजारे आदि प्रमुख लोग अतिथि के रूप मे सम्मिलित रहेगे। रात्रि मे छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति चिन्हारी लोक मंजीरा का सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होगा। उक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष व ग्राम पंचायत सरपंच भरत बैस द्वारा दी गई है।

### 3 को धूमधाम से मनाई जाएगी शाकंभरी जयंती

**राजिम।** मरार पटेल समाज राजिम के तत्वावधान में 3 जनवरी को शाकंभरी जयंती धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसके उपलक्ष्य में पटेल धर्मशाला के पास मां शाकंभरी जी की प्रसादी स्वरूप निशुल्क सब्जी वितरण व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं अन्य समाज प्रमुखों, पार्षदों, पत्रकारों का सम्मान समारोह किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि चंदूलाल साहू अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम, संदीप शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय होंगे। अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व अध्यक्ष राजिम राज के तेजराम पटेल करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, अध्यक्ष कृषक सेवा सहकारी जितेंद्र ▶▶| शेष पेज 11 पर

# 6 महीने से हमर क्लिनिक पर लटका है ताला, सिर्फ डॉक्टर और आया पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिल्ली के 'मोहल्ला क्लिनिक' की तर्ज पर शुरू की गई महत्वाकांक्षी 'हमर क्लिनिक' योजना छुरा नगर में बदहाली का शिकार हो रही है। नगर के वार्ड क्रमांक 5 में लाखों रुपए की लागत से भवन तो तैयार कर दिया गया और इसका उद्घाटन भी स्वयं मुख्यमंत्री के हाथों संपन्न हुआ, लेकिन विडंबना यह है कि उद्घाटन के बाद से ही इस केंद्र पर ताला लटका हुआ है। योजना का मुख्य उद्देश्य दूरदराज और मोहल्लों के लोगों को उनके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। छुरा के वार्ड क्रमांक 5 में बना यह भवन पिछले 6 महीनों से बंद पड़ा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब सरकार ने इतना बड़ा भवन बनाया और मुख्यमंत्री ने इसका लोकार्पण किया, तो फिर जनता को इसका लाभ क्यों नहीं मिल रहा है?

**नियमों की अनदेखी और संसाधनों का अभाव**-योजना के मापदंडों के अनुसार, ये क्लिनिक उन क्षेत्रों में खुलने चाहिए जो स्वास्थ्य केंद्रों से दूर हों। लेकिन छुरा में यह क्लिनिक मुख्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर बना दिया गया है। इसके बावजूद, यह अधूरा है। यहां केवल एक डॉक्टर और आया की पदस्थापना हुई है। नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य सहायक कर्मचारियों के पद अब भी रिक्त हैं। भवन के अंदर न तो बैठने के लिए फर्नीचर है, न ही इलाज के लिए दवाइयां और उपकरण। संचालन के लिए आवश्यक फंड की अनुपलब्धता के कारण ताला लगा हुआ है।

## भवन के अंदर न तो बैठने के लिए फर्नीचर है, न ही दवाइयां

### जनता की उम्मीदों पर फिरा पानी

पेपरलेस सेवा, डिजिटल रिकॉर्ड और ई-हॉस्पिटल जैसे आधुनिक दावों के साथ शुरू हुई यह योजना छुरा में प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ गई है। वार्ड वासियों ने मांग की है कि शासन-प्रशासन जल्द से जल्द यहां आवश्यक संसाधनों की पूर्ति करें ताकि स्थानीय लोगों को इलाज के लिए भटकना न पड़े।




### न स्टाफ है, न फर्नीचर और न फंड

इस मामले पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कीर्तन साहू ने बताया कि हमर क्लिनिक योजना के अंतर्गत कर्मचारियों की पूर्ण पदस्थापना, फर्नीचर और फंड उपलब्ध नहीं होने के कारण इसे अभी तक विधिवत प्रारंभ नहीं किया जा सका है। वर्तमान में यहां के लिए पदस्थ डॉक्टर और आया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## कृषि महाविद्यालय विवाद : फिंगेश्वर आज रहेगा बंद, आंदोलनकारी करेंगे चक्काजाम

# कृषि कॉलेज पर छिड़ी वर्चस्व की जंग, किरवई क्षेत्रवासियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम/फिंगेश्वर

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर क्षेत्र में प्रस्तावित कृषि महाविद्यालय के स्थायी भवन निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। एक ओर जहां फिंगेश्वर नगर के लोग पिछले कई दिनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्राम किरवई के ग्रामीणों ने भी मोर्चा खोल दिया है। किरवई क्षेत्रवासियों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि महाविद्यालय किरवई में नहीं बना, तो वे चक्काजाम और उग्र आंदोलन करेंगे। राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयासों से महाविद्यालय भवन, छात्रावास और खेल मैदान के लिए 15 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। विवाद अब इसके निर्माण स्थल को लेकर है। सरपंच देवकुमारी साहू और ग्रामीणों का तर्क है कि किरवई में एक ही स्थान पर 50 एकड़ समतल और उपजाऊ भूमि उपलब्ध है, जो कृषि अनुसंधान के लिए तकनीकी रूप से फिट है। यह गांव राजिम-महासमुंद मुख्य मार्ग पर स्थित है और आसपास के 5-6 गांवों के लिए सुलभ है। नगर विकास संघर्ष समिति का कहना है कि यह कॉलेज पिछले 8 वर्षों से फिंगेश्वर में संचालित है (अस्थायी रूप से आईटीआई भवन में)। उनका आरोप है कि प्रशासन अब इसे गुपचुप तरीके से अन्यत्र स्थानांतरित कर फिंगेश्वर के साथ 'दगाबाजी' कर रहा है।




### फिंगेश्वर बंद और चक्काजाम की तैयारी

फिंगेश्वर में आंदोलनकारियों ने 2 जनवरी को 'फिंगेश्वर बंद' और चक्काजाम करने का निर्णय लिया है। वक्ताओं का कहना है कि फिंगेश्वर को तहसील का दर्जा मिलने में भी देरी हुई और अब विकास के प्रमुख संस्थानों को यहाँ से दूर ले जाने की कोशिश की जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### प्रमुख मांग और चेतावनी

किरवई की भूमि मुख्य मार्ग से लगी और एकमुश्त है। यदि प्रशासन ने स्वार्थी तत्वों के दबाव में आकर किरवई की उपेक्षा की, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। हम अपने हक के लिए उग्र आंदोलन करेंगे।

### प्रशासनिक दुविधा

एक ओर फिंगेश्वर अपनी अस्मिता और 8 साल से संचालित संस्थान को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है, तो दूसरी ओर किरवई अपनी भौगोलिक और तकनीकी श्रेष्ठता का दावा कर रहा है। वर्तमान विधायक रोहित साहू ने विकास के लिए राशि तो स्वीकृत करा दी है, लेकिन अब 'भूमि चयन' उनके और जिला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।





### किरवई में ग्रामीणों की महाबैठक

किरवई में आयोजित विशेष बैठक में धमनी, कोमा, भैसातरा, बेलटुकरी और लफंदी के ग्रामीण शामिल हुए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कृषि महाविद्यालय किसी एक कस्बे के लिए नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए है, इसलिए स्थान का चयन 'धरना-दबाव' के बजाय 'उपयुक्तता' के आधार पर होना चाहिए।

### ओडिशा से शराब की तस्करी तीन आरोपी गिरफ्तार



**गरियाबंद।** गरियाबंद पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध संचालित 'नया सवेरा' अभियान के तहत अवैध शराब के सौदागरों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। नए साल के पहले ही दिन थाना देवभोग पुलिस ने ओडिशा प्रांत से पैदल कच्ची शराब की तस्करी कर रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा के नुआपाड़ा जिले से कुछ लोग कच्चे रास्ते और नहर के किनारे से होते हुए भारी मात्रा में महुआ शराब लेकर ग्राम बाड़ीगांव की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना देवभोग पुलिस ने टीम गठित कर अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने तीन संदिग्धों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास मौजूद सफेद प्लास्टिक जेरिकेन और बोतलों में भरी 20 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। शराब के परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या लाइसेंस पेश न करने पर पुलिस ने शराब जब्त कर तीनों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपी निवासी जिला नुआपाड़ा, ओडिशा कैलाश मांझी (27 वर्ष), शुबल मांझी (50 वर्ष), शोभाराम मांझी (40 वर्ष) आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत दंडनीय होने के कारण पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## नव वर्ष में 11108 बार हनुमान चालीसा का महापाठ



**नवापारा-राजिम।** नगर की सेवाभावी संस्था श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति के तत्वावधान में नए साल 2026 के प्रथम दिवस 11108 हनुमान चालीसा महापाठ का आयोजन हुआ। समिति के अध्यक्ष धरम साहू, संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि पिछले 16 वर्षो से नए साल में हनुमान चालीसा का पाठ व्यापार, परिवार, नगर के खुशहाली, सुख -शांति के लिए किया जाता है। इस बार केवल शुद्ध घी एवं नारियल की आहुति दी गई। पंडित संतोष मिश्रा ने विधिविधान के साथ पूजा कराया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में हनुमान जी महाराज के भक्त शामिल हुए। पूरा दिन हनुमान जी महाराज के जयकारे लगते रहे।

### कांदाडोंगर पटेल समाज का समाजिक सम्मेलन आज से

मैनपुर। मैनपुर विकासखण्ड के काण्डेकेला क्षेत्र कांदाडोंगर राज द्वारा 02 एवं 03 जनवरी को दो दिवसीय समाजिक सम्मेलन एवं शाकम्भरी महोत्सव का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी मनोज पटेल ने देते हुए बताया कि 02 जनवरी शुक्रवार को कलश यात्र, अधिवास, मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा, 03 जनवरी शनिवार को प्रातः 7 बजे मां शाकम्भरी की महाआरती एवं दोपहर 12 बजे से 04 बजे तक अतिथियो का स्वागत सम्मेलन तथा रात्रि 08 बजे पूर्णाहूति एवं रात्रिकालीन ओड़िया नाटक का आयोजन किया गया है तथा 04 जनवरी रविवार को मूर्ति विसर्जन व प्रसाद वितरण भंडारा का आयोजन किया गया है। वहीं दूसरी ओर तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में भी कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा 03 जनवरी मां शाकम्भरी प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर पूजा अर्चना शोभायात्र के साथ दोपहर 12 बजे से पटेल समाज भवन मैनपुर के सामने सब्जी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन को लेकर पटेल समाज द्वारा व्यापक रूप से तैयारी किया जा रहा है।

# धवलपुर वन परिक्षेत्र में निर्माण कार्यों पर उठे सवाल वनमंत्री से की जांच की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धवलपुर में वर्श 2023-24 एवं 2024-25 में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा सहायक प्राकृतिक पुनरूत्पादन कार्य के साथ ही विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाया जा रहा है और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इस कार्य की जॉच की मांग छत्तीसगढ़ सरकार के वनमंत्री केदार कश्यप, मुख्य वन संरक्षक के साथ ही गरियाबंद डीएफओ से किया है। मिली जानकारी के अनुसार लाखों रुपए खर्च कर वन परिक्षेत्र धवलपुर में सिकासार मार्ग किनारे व विभिन्न स्थानों पर जो कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है और पूर्व में किया गया है उसमें गुणवत्ताविहीन कार्य के साथ फर्जी बिल बाउचर लगाने की शिकायत किया गया है साथ ही इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वनमंत्री को पत्र लिखकर उक्त कार्यो की जॉच की मांग किया गया है। इस कार्य में जहां सीमेंट पोल बेहद गुणवताविहीन होने के कारण जगह-जगह से टूट फूटकर तहस नहस हो रहा है वहीं सीपीटी गड्ढा खुदाई में भी मापदंड का ध्यान नहीं रखा गया है साथ ही फेंसिंग तार आधा अधुरा किया गया है। इस मामले की शिकायत क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों द्वारा लिखित रूप से वनमंत्री छत्तीसगढ़ शासन से करते हुए जॉच की मांग की गई है। इस संबंध में वन विभाग के संबंधित अधिकारी से उनके पक्ष लेने के लिए जब फोन लगाया गया तो उनका मोबाइल बंद मिला।

## नक्सल मोर्चे से लेकर साइबर फ्रॉड तक चौतरफा प्रहार

# जिला पुलिस ने अपराधों पर कसी नकेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला पुलिस बल ने वर्ष 2025 के दौरान सुरक्षा, सेवा और विश्वास के अपने ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए नक्सल मोर्चे से लेकर साइबर सुरक्षा तक उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में चलाए गए अभियानों के परिणामस्वरूप जिले में अपराध नियंत्रण और सामुदायिक पुलिसिंग को नई मजबूती मिली है। वर्ष 2025 गरियाबंद पुलिस के लिए नक्सल उन्मूलन का वर्ष रहा। संयुक्त अभियानों में पुलिस ने 7 टॉप नक्सल लीडरों सहित कुल 31 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ों के बाद जंगलों से 49 घातक राइफलें बरामद की गईं। शासन की नीति से प्रभावित होकर 31 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें से 5 को पुलिस आरक्षक के पद पर नियुक्ति दी गई, जबकि अन्य को कौशल विकास योजना के तहत मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।

### जिला पुलिस की वर्ष 2025 में बड़ी उपलब्धियां



**नशा सवेरा अभियान, नशे के सौदागरों पर नकेल-** नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस ने 'नशा सवेरा' अभियान के तहत रिकॉर्ड कार्रवाई की। 48 मामलों में 1 करोड़ 2 लाख रुपये कीमत का 790 किलो गांजा जब्त किया गया। भारी मात्रा में नशीली टेबलेट, इंजेक्शन और हेरोइन के साथ आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा गया। 641 प्रकरणों में 5060 लीटर शराब और तस्करी में प्रयुक्त 42 वाहन जब्त किए गए।



**साइबर सुरक्षा और गुम मोबाइल की वापसी-** आधुनिक अपराधों पर लगाम कसते हुए साइबर सेल ने जनता को बड़ी राहत पहुंचाई। सीईआईआर पोर्टल की मदद से 585 गुम मोबाइल ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### बिरकोनी हुआ राममय, रामजानकी मंदिर में किया दीप प्रज्वलित

**बिरकोनी।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूर्ण होने पर बिरकोनी के रामजानकी मंदिर में रामलाल की पूर्ण अभिषेक व रामचरित मानस पाठ हुआ। आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने सर्वप्रथम मन्दिर में ध्वजारोहण एवम भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के धर्म विग्रह की दिव्य अनुष्ठान रामचरित मानस पाठ एवम महामन्त्र जाप से किया। भगवान श्रीराम का पंच अमृत से पूर्ण अभिषेक व विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। इसे लेकर क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। मंदिर में देर शाम तक दीप दान का आयोजन हुआ। सनातन धर्म समिति के सदस्यों ने जय श्रीराम के नाम से दीप उकेरा गया। रामजानकी मंदिर को भगवा झंडे से सजाया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का दिव्य दर्शन महाआरती के बाद महाप्रसादी वितरण किया गया। शाम को बालिकाओं ने घर के आँगन व मंदिर, सार्वजनिक चबूतरा में रँगोली रोगन व दीप प्रज्ज्वलित कर दीवाली मनाई गई। वर्षगांठ को लेकर बच्चों में उत्साह दिखा। इस अवसर पर सनातम वैदिक धर्म के सदस्य सहित ग्रामीण महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

### शिक्षक भर्ती को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**महासमुंद।** डीएड/ डीएलड संघ के अभ्यर्थियों की नियुक्तियों पर न्यायालय के आदेश के बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा रोक लगाए जाने के विरोध में जिला युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक 3052/2025 सहायता अन्य याचिकाओं में पारित आदेश के अनुसार शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रतिक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराने कहा गया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर, विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, अनुराग आदि मौजूद रहे। चंद्राकर, युवराज साहू एवं युवा साथ ही मौजूद रहे।

### प्राकृतिक आपदा के 2 प्रकरण में 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवभोग तहसील के ग्राम मुंगझर निवासी 04 वर्षीय परमेश्वर यदु का 11 फरवरी 2025 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन अमरसिंह यदु को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार तहसील फिंगेश्वर के ग्राम सोनासिल्ली निवासी 71 वर्षीय आनंदी राम यादव का 30 जुलाई 2023 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन लोकराम यादव को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# शब्दों के ही नहीं, विदेशी नीति के भी शिल्पकार थे अटल बिहारी वाजपेई : अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी एवं भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय के 164वें जन्म दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन उज्जैन में किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ की प्रधान संपादक डॉ. अनिता दुबे एवं विशिष्ट अतिथि रविंद्रनाथ टैगोर विवि भोपाल के अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र के निदेशक डॉ. जवाहर कर्नावट रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल रही।

इस मौके पर अग्रवाल ने कहा कि विलक्षण काव्य शिल्पी, शब्दों के माध्यम से सत्ता की नींद में कंपन पैदा करने वाले निर्भीक आलोचक, कर्मठ पत्रकार, राष्ट्रभक्त तथा जन-यथार्थ के चतुर चितेरे का नाम है अटल बिहारी वाजपेई। तीखी राजनीतिक चेतना, मानवीय संवेदना, बोलचाल की भाषा का प्रयोग उनके काव्य की विशेषता थी। आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर राजनीतिक सफर प्रारंभ करने वाले वाजपेई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग के पहले प्रधानमंत्री के रूप में बिना किसी समस्या के 5 वर्ष तक, गैर कांग्रेसियों के रूप में अपनी सेवाएं देते रहें। चूंकि, आजीवन ब्रह्मचर्य धर्म का पालन किया, लिहाजा भीष्म पितामह के नाम से विश्व प्रसिद्ध हुए। इन्होंने पोखरण में पांच भूमिगत परमाणु परीक्षण विस्फोट कर भारत को सुदृढ़ वैश्विक शक्ति एवं परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में विश्व मानचित्र पर स्थापित कर दिया। उनके कार्यकाल में भारत ने आर्थिक विकास की ऊंचाइयों को स्पर्श किया। उनके द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्यों की सराहना आज भी होती है। एक सफल नेतृत्व कर्ता और कुशल राजनेता के रूप में उनकी बेदाग छवि आज के सभी नौसीखिए राजनेताओं के लिए आदर्श है। वे सिर्फ शब्दों के शिल्पकार नहीं थे, अपितु बुनियादी रूप से विदेश नीति के शिल्पकार भी थे। भारतीय विदेश नीति के सिद्धांत और संकल्प का पालन करने वाले एक समावेशी व्यक्तित्व के रूप में अटल बिहारी वाजपेई को युगों युगों तक जमाना याद करेगा।

मुख्य अतिथि ने कहा कि ज्ञान ही नहीं परिवेश भी महत्वपूर्ण होता है और आज हमें परिवेश के अंतर्गत हिंदी के प्रति बच्चों को आकृष्ट करना और चुनौतियों से लड़ना सिखाना होगा। विशेष अतिथि ने कहा कि आज हम इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के दो महामानवों अटल और मदन मोहन मालवीय को याद कर रहे हैं। अटल संयुक्त राष्ट्र में अपनी भाषा में बोलते हैं और अटल जी वैश्विक हिंदी के सबसे बड़े दूत हैं। मुख्य वक्ता पूर्व आईएएस और साहित्यकार डॉ. अशोक कुमार भार्गव ने अटल के सुशासन की तारीफ़ करते हुए कहा कि राजा को प्रजा के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। संगोष्ठी में शिक्षाविद हरेराम वाजपेयी ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवा के थे और इसीलिए उनका नाम मदन मोहन मालवीय हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए डॉ. ब्रजकिशोर शर्मा ने कहा कि अटल वस्तुतः संवेदनशील साहित्यकार थे। संगोष्ठी को शिक्षाविद वरुण गुप्ता, डॉ. राजेंद्र पाल, निर्मल कुमार मेहता ने भी संबोधित किया। बीज वक्तव्य राष्ट्रीय संयोजक पदमचंद गांधी भोपाल और स्वागत भाषण आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ. प्रभु चौधरी ने दिया। अतिथियों ने राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के संचेतना समाचार पत्र और डॉ. मनीष दवे की पुस्तक सुप्रज्ञ कृति का विमोचन किया।



राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन के 43वें राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव में संस्था के प्रमुख संस्थापक सदस्य ब्रजकिशोर शर्मा, हरेराम बाजपेई, संजय जोहरी, डॉ. प्रभु चौधरी, शीला व्यास, डॉ. पुष्पा चौरसिया का विशिष्ट सम्मान अतिथियों ने किया। वहीं डॉ अनुसुइया अग्रवाल के दिसंबर जन्ममास पर केक काटा गया एवं उन्हें अटल महामना साहित्य सेवा विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया। साथ ही देशभर के 55 साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में विशिष्ट प्रतिभा सम्मान से देवेंद्र चौधरी को कक्षा 12वीं बोर्ड विज्ञान संकाय परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर राष्ट्रीय देव चेतना महासंघ के सहयोग से अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में देश के चयनित साहित्यकार प. रमण त्रिवेदी, माया मेहता मुंबई, हरेराम वाजपेयी इंदौर, डॉ. शिवा लोहारिया जयपुर, डॉ. अमिता दुबे लखनऊ, दिनेश दवे इंदौर, रेवती आलवे मुम्बई, राजेंद्र पाल इन्दौर, अशोक दुबे उज्जैन, कमलनाथ योगी बडनगर, नीलम रानी सक्सैना रामपुर, निर्मलकुमार मेहता मुंबई, विक्रमसिंह चौधरी देवास, डॉ. अरूणा सराफ इंदौर, डॉ. हरीश कुमार सिंह, मानसिंह चौधरी नरवर, पदमचंद गांधी भोपाल, सुंदरलाल मालवीय उज्जैन, प्रियंका गौड़ उज्जैन, अरविंद जैन एवं अंजना जैन उज्जैन, रंजना पांचाल एवं ऋचा तिवारी देवास, श्यामलाल चौधरी उज्जैन, चंद्रशेखर जोशी उज्जैन, डॉ. नूतनकुमारी सिन्हा पटना, डॉ. मनीष दवे इन्दौर, यशोदा वैष्णव रायपुर, विजय जैन उज्जैन, खुशबुसिंह रायपुर, चंद्रसिंह परमार शुजालपुर, रमेशचंद्र शर्मा इंदौरर, डॉ. चंदर सोनाने, डॉ यास्मीन खान भोपाल, डॉ. दक्षा जोशी अहमदाबाद, मेहरबान सिंह चौहान, जितेंद्र चौधरी, आयशा खान, रघुवीर सिंह सिन्हा, विजय जैन आदि की उपस्थिति थी। संचालन डॉ. हरीशकुमार सिंह ने किया और आभार सुंदरलाल मालवीय ने माना।

# बलौदाबाजार के निर्दोष लोगों के केस वापस ले सरकार, विपक्ष करे सहयोग

## पचेड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जयंती समारोह में सतनामी समाज ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरु घासीदास बाबा के 269वीं जयंती पर पचेड़ा में जिला स्तरीय जयंती समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारिकाधीक्ष यादव विधायक खल्लारी, अध्यक्षता दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज व अति विशिष्ट अतिथि में विजय बंजारे जिलाध्यक्ष, हीरा जोगी वरिष्ठ समाज प्रमुख, तरुण व्यवहार जनपद उपाध्यक्ष बागबाहरा, थनेश्वरी प्रहलाद साहू जनपद सदस्य, श्यामा टंडन सरपंच पचेड़ा, सोमनाथ टोंडेकर जिला मीडिया प्रभारी, विजय मिर्चे जिला प्रवक्ता, चंदूलाल साहू अध्यक्ष साहू समाज खल्लारी परिक्षेत्र व पंचायत तथा ग्रामीण विकास समिति के पदाधिकारी शामिल रहे।

सामूहिक आरती वंदन के पश्चात जोड़ा जैतखाम में भंडारी छन्नू नारंग व सेवानिवृत्त सीईओ एचआर बघेल ने पालों चढ़ाया। समारोह में बलौदा बाजार प्रकरण में जेल जाने वाले छः सामाजिक सेनानी दिनेश बंजारे, विजय बंजारे, हीरा जोगी, सोमनाथ टोंडेकर, नेतराम जांगड़े, भरत गेंड्रे को मोमेंटो व शॉल भेंटकर सम्मान किया तथा जेल जाने वालों ने अपनी पीड़ा समाज के समक्ष रखते हुए बताया कि वें 10 जून को आयोजित धरना प्रदर्शन में केवल सामाजिक पदाधिकारी होने के कारण शामिल भर हुए थे। किसी प्रकार की हिंसा में शामिल नहीं रहे। फिर भी उनके ऊपर विभिन्न गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।



नेतराम जांगड़े ने बताया कि उस दिन तो वो अपने गांव तरेकेल में ट्रैक्टर से दिनभर खेत की जुताई किया था। सबूत के तौर पर सरपंच व गांव वाले हैं। फिर भी गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। प्रकरण में शामिल लोगों के बार बार पेशी में जाने पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक क्षति होने पर चिंता जाहिर करते हुए समाज द्वारा सरकार और विपक्षी दलों से 10 जून 2023 को केवल धरना प्रदर्शन में शामिल होने के कारण ही निर्दोष लोगों पर दर्ज अपराधिक प्रकरण को वापस लेने की मांग तेज करने की अपील की। क्योंकि, पुलिस प्रशासन की नीयत पर शंका है, भले ही सरकार शुरू से कहती रही है कि निर्दोष लोगों को छोड़ा जाएगा, लेकिन आज तक उचित पहल नहीं की गई बल्कि उल्टा फास्ट कोर्ट में सुनवाई शुरू करवा दिया है। जिस पर समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से प्रथम चरण में शासन-प्रशासन से ज्ञापन सौंपने व दूसरे चरण में अपने अपने क्षेत्र के विधायक सांसद को ज्ञापन सौंपकर मांग करेंगे। इसके बाद भी सरकार विचार नहीं करती हैं तो समाज आगे की रणनीति प्रदेश के सभी संगठन व सर्व समाज के साथ मिलकर रणनीति बनाएंगी।

खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीक्ष यादव ने बलौदाबाजार प्रकरण में समाज की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को सूक्ष्म जांचकर वास्तविक अपराधियों के ऊपर ही केस चलाने व समय रहते निर्दोष लोगों की केस वापस लेने की बात कही। समाज की मांग पर दस लाख की राशि सामाजिक भवन के लिए देने की घोषणा की। समाज में शिक्षा पर जोर देते हुए आरक्षण को सरकारी क्षेत्रों के साथ ही निजी क्षेत्रों में लागू करने की जरूरत बताया। जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने समाज के युवाओं को संगठित रहने एवं रोजगार धंधा अपनाने के लिए प्रेरित किया। साहू समाज खल्लारी परिक्षेत्र अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा की जा रही रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सतनामी समाज अपने ही नहीं अपितु सर्व समाज के हक अधिकारों की आवाज उठाती है। मंच संचालन मानिक टंडन व आभार व्यक्त तीरथ घृतलहरे ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आयोजन समिति अध्यक्ष युवराज गायकवाड़, आमंत्रित अतिथि केशव भारती, संतराम कुर्रे, रामनारायण जांगड़े, शाखाराम साहू, माधो साहू, अशोक सुफल साहू, शत्रुघ्न साहू, शेख अलाउद्दीन खां, अशोक मेघनाद साहू, उपसरपंच मोहन मिरी, पंचगण निर्मला निषाद, सरस्वती यादव, रथकुमारी ढीढी, टिकेश्वरी टंडन, ज्योत्स्ना क्षेत्रपाल, राकेश दुबे, गुलाब साहू, देवानंद साहू, लीला पटेल, किरण साहू, आनंद बाई, मीना साहू, संतोष बंजारे, यशवंत नारंग, राजेंद्र सवई, दिलीप नारंग, वीरेंद्र चतुर्वेदी, खेमराज गायकवाड़, जयलाल, परानु बघेल, कुलिंदर ढीढी, सूरज सोनवानी, भोला मांडले, जितेंद्र टंडन, हेमंत ढीढी, करण बंजारे, कृषमणी, मेघराज, लल्ला, ओमप्रकाश, गैंदराम ढीढी आदि मौजूद रहे।

## मनखे-मनखे एक समान का कौंदकेरा जीवंत उदाहरणः विजय



**महासमुंद।** गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम कौंदकेरा ग्राम में निवासरत सतनामी समाज के 6-8 परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित करती आ रही हैं, जिसमे पूरे गाँव मे हर्षोल्लास के साथ सर्वसमाज द्वारा जयंती का पर्व मनाया जाता है। इस दिवस गांव के सभी समाज के परिवार में बहन बेटियां तीज त्योहार की भांति अपने मायके आकर कार्यक्रम का हिस्सा बनती है। 1992 से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन 28 दिसम्बर को सर्वसमाज की भूमिका व सहयोग से आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष आयोजित जयंती में मुख्य अतिथि दाऊ विजय बंजारे जिला अध्यक्ष प्रगतिशील छग सतनामी समाज रहे। अध्यक्षता जिला सचिव रेखराज बघेल ने की। विशिष्ट अतिथि में सुधा योगेश्वर चन्द्राकर जनपद सदस्य, सरपंच रूपसिंग बंजारे, राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, योगेश्वर चंद्राकर, पंच प्रकाश ध्रुव, पंच सोहद्रा चन्द्राकर, पंच द्वारिका चन्द्राकर विराजमान रहे।

कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने सर्वसमाज की भूमिका का प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ग्राम मानवता औऱ गुरु घासीदास बाबा का प्रथम सिद्धान्त मनखे मनखे एक समान का जीवंत उदाहरण है। जिला सचिव रेखराज बघेल ने सतनाम संस्कृति, सात्विक विचार सात्विक जीवन व संस्कार पर अडिग रहने कहा। जनपद सदस्य सुधा चन्द्राकर ने सतनामी समाज के हर सुख-दुख में खड़ा होकर समाज के विकास के लिए योगदान करने बाते कही। ज्ञात हो कि पूर्व सरपंच अन्नू लेखराम चन्द्राकर द्वारा सामाजिक भवन के लिए भूमि सतनामी समाज को प्रदान किया गया है, जिसमें मंगल भवन बनाया गया है। राजेश रात्रे ने शिक्षा के क्षेत्र में समाज द्वारा की जा रही सहयोग से अवगत कराया। कार्यक्रम में जहुर सिंह टंडन, धनऊ बंजारे, जीवन टण्डन, मेहत्तरू टण्डन, सेवक टण्डन, दानी राम, होरीलाल, मोतीलाल चतुर्विदानी, जुगनुराम, हेमदास, कार्तिक, कौशल बंजारे, माला बंजारे, राजकुमारी टण्डन व समाज के साथ ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी गणेश टण्डन ने दी है।

## परीक्षा पे चर्चा महाभियान मेले से छात्र उत्साहित हुए

**अभनपुर।** भारत सरकार की पहल परीक्षा पे चर्चा के अंतर्गत विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रति जागरूक, आत्मविश्वासी एवं तनावमुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के निर्देशानुसार पीएमश्री सेजेस अभनपुर विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा महाभियान मेला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को परीक्षा को उत्सव की तरह लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं पालकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शिक्षकों द्वारा परीक्षा की प्रभावी तैयारी, समय प्रबंधन, तनाव नियंत्रण, सकारात्मक सोच तथा लेखन कौशल से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इस दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का ऑनलाइन पंजीयन भी स्थल पर ही कराया गया तथा उनके विचार भी सुने गए। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. तारा त्रिपाठी ने उद्बोधन में कहा कि परीक्षा जीवन का अभिन्न हिस्सा है, इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने का संदेश दिया गया। इस आयोजन में अभनपुर पार्षद मीना साहू, शिक्षक हेमंत साहू सहित पालक एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## रबी फसल की तैयारी में जुटे किसान...

**मैनपुर।** खरीफ धान फसल की कटाई मिजाई के बाद क्षेत्र के कई किसान अब ग्रीष्मकालीन रबी फसल के लिए युध्द स्तर पर लग गये है, खेतों की सफाई जोताई और तो और मताई कर कुछ किसान रोपा लगाने की भी तैयारी कर रहे है, मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में सिंचाई साधन की कोई व्यवस्था नहीं है बावजूद इसके मैनपुर क्षेत्र के किसान खेतों में टयुबवेल खनन करवाकर अपने स्वंय के सिंचाई साधनों से धान और मक्का की ग्रीष्मकालीन फसल पिछले कई वर्षों से लेते आ रहे है और ग्रीष्मकालीन फसल लेने वाले किसान अपने खेतों की साफ -सफाई कर जोताई कर रहे है, साथ ही खेतों की मताई कर कुछ किसानों द्वारा धान की रोपा भी लगाया जा रहा है, इस सबंध में चर्चा करने पर किसान फकरूद्दीन, आलिम अंसारी, संजय साहू, दुष्यंत पटेल ने बताया कि क्षेत्र में सिंचाई का साधन नहीं है वर्षों से क्षेत्र के किसान अधुरे सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने की मांग कर रहे है लेकिन इस ओर शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई किसानों ने अपने स्वंय के खर्च से या शासन से कर्ज लेकर खेतों में टुयबवेल खनन करवाये है, और टुयबवेल के माध्यम से रबी फसल में धान और मक्का की फसल ले रहे है इन दिनों किसान रबी फसल की तैयारी में जुट गए है।



## शोभायात्रा के साथ 51 पोथी श्रीमद् देवी भागवत कथा हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर में 51 पोथी श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा आयोजन का समापन हवन पूजन, भंडारा के साथ श्रद्धा एवं उत्साह पूर्ण वातवरन में हुआ। इस अवसर पर पूजा पंडाल में विराजित मां दुर्गा के प्रतिमा का शोभायात्रा के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का रास्ते में श्रद्धालुजनों ने परंपरागत रूप से आरती उतार स्वागत किया। पिछले कुछ वर्षों से यजमानों द्वारा सामूहिक रूप से साल के अंतिम सप्ताह में ऐसे आयोजन नगर में परंपरा का रूप धारण करता जा रहा। स्थानीय अग्रसेन भवन के पास मैदान में श्रीमद् भागवत महापुराण एवं श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा आयोजन पंडित वसंत कुमार दुबे के मार्गदर्शन में बारहवां वर्ष रहा और उल्लेखनीय बात यह है कि एक ही स्थान पर एक ही कथावाचक के इस आयोजन में श्रद्धालुजन बड़ी संख्या सहभागिता निभा बड़ी सख्या में कथा श्रवण करते हैं। गत वर्ष 108 पोती श्रीमद् भागवत कथा का यहां आयोजन हो चुका है। इस बार यहां 51 यजमानों द्वारा 51 पोथी श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा आयोजन किया गया। जिसमें पंडित बसंत कुमार दुबे ने कथा वाचन तथा 51 विद्वान ब्राह्मण पंडितों ने कथा का प्रारायन किया। कथा का समापन हवन के साथ हुआ। जिसमें यजमानों के अलावा श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। पंडित नरेंद्र दुबे ने बेदी पूजन से लेकर हवन आदि पूजन वैदिक रीति से संपन्न कराए। उसके बाद नौ कन्याओं का पूजन एवं भोग पश्चात आम भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कथा समापन शोभा यात्रा में यजमान महापुराण ग्रंथ को श्रद्धापूर्वक सर पर रखकर शामिल हुए, जिसका रास्ते में जगह-जगह आरती उतार कर स्वागत किया गया। समापन पंडित बसंत दुबे के निवास स्थान में हुआ। शाम के समय निकली शोभायात्रा आयोजन स्थल से निकलकर मुख्य मार्ग में गुरुद्वारा से बस स्टैंड होकर लालपुर पहुंचे, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। यजमानों ने बताया श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा आगामी 31 मार्च से 9 अप्रैल तक नैमिषारण्य तीर्थ उत्तर प्रदेश में होगी। कथावाचक पं बसंत कुमार दुबे है।



## क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए विधायक द्वारिकाधीश

**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पलसीपानी मं, आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे लिए बहुत ही लाभदायक है। क्योंकि, वह हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते हैं। खेल हमें, आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना और सुधार करना सिखाता है। यदि हम खेल का नियमित अभ्यास करें, तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं। खेल प्रतियोगिताएं हार-जीत के साथ आत्ममंथन और आगे बेहतर करने की प्रेरणा देती हैं। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है, जिससे पढ़ाई और जीवन दोनों में संतुलन बना रहता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुशल मरकाम, देवधर यादव, लोकसाय मरकाम, सेत राम यादव, हरक राम यादव, खगेश कुमार, योगेश कुमार, रामलाल बरिहा, पुरण सिंग ओटी, ओमप्रकाश यादव, हेमसिंग, उत्तम यादव, जगमोहन यादव आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### हुल्लड़बाजों पर पुलिस की रही पैनी नजर

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में नए साल का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसडीओपी ओमप्रकाश खुजुर के निर्देशन में थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने दल-बल के साथ मोर्चा संभाले रखा, जिसके परिणामस्वरूप कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। 31 दिसंबर की रात से ही पुलिस की टीमें सक्रिय हो गई थीं। संवेदनशील इलाकों और सार्वजनिक स्थलों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सघन गश्त की। थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा खुद अपनी टीम के साथ देर रात तक सड़कों पर नजर आए, ताकि हुल्लड़बाजी या किसी भी प्रकार की अराजकता को रोका जा सके। नया वर्ष शांतिपूर्वक बीते, इसके लिए पुलिस द्वारा जगह-जगह चेक पॉइंट बनाए गए थे। पुलिस की पैनी नजर विशेष रूप से उन लोगों पर रही जो शराब पीकर वाहन चला रहे थे या शांति भंग करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस के इन पुख्ता इंतजामों के कारण ही नगर और आसपास के क्षेत्रों में लोगों ने मर्यादित रहकर नए साल की खुशियां मनाईं। इस दौरान थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा की पुलिस का उद्देश्य किसी की खुशियों में खलल डालना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उत्सव कानून और सामाजिक मर्यादा के दायरे में हो। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। पुलिसी सतर्कता के कारण मैनपुर क्षेत्र के नागरिकों ने सुरक्षित माहौल में नववर्ष 2026 का स्वागत किया। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की है।

### खरोरा में पांच घंटे का अखण्ड दुर्गा चालीसा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में नववर्ष पर गुड़ी चौक में पांच घंटे का अखण्ड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। गुरूवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक यह आयोजन हुआ। रंजीत चन्द्राकर ने कहा कि नववर्ष का स्वागत अध्यात्मिक वातावरण में किया गया।

## पेज 9 के शेष...

### 3 को धूमधाम से...

सोनकर, प्रदेश महामंत्री व जिला अध्यक्ष मरार पटेल महासंघ सोमनाथ पटेल, राज कोषाध्यक्ष कैलाश पटेल, उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, संरक्षक आसाराम पटेल, नगर अध्यक्ष भूखन पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू तथा नगर पालिका के पार्षद जानकी पटेल, सुरेश पटेल, अजय पटेल रहेंगे। वहीं दूसरे चरण के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी होंगी। अध्यक्षता प्रदेश संयोजक राजेंद्र नायक पटेल करेंगे। विशेष अतिथि राघोबा महाड़िक प्रदेश अध्यक्ष मराठा समाज, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखा सोनकर एवं पवन सोनकर होंगे।

### जिला पुलिस ने...

खोजे गए, जिनकी कीमत 1 करोड़ 17 लाख रुपये है। साइबर फ्रॉड का शिकार हुए पीड़ितों के 34.58 लाख रुपये पुलिस ने वापस कराए।
**अपराध नियंत्रण और यातायात-** 25 अपराधियों को जिलाबदर किया गया और 93 चोरी/लूट के मामलों में से 47 का खुलासा कर 66.26 लाख की संपत्ति बरामद की गई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 39.14 लाख का समन शुल्क वसूला गया। धान खरीदी सत्र के दौरान देवभोग, अमलीपदर और छुरा क्षेत्रों में पुलिस ने कोचियों पर सख्त कार्रवाई की। पिछले 52 दिनों में 52 वाहन जब्त किए गए और 90.25 लाख रुपये कीमत का 6778 कट्टा धान जब्त कर संबंधित विभाग को सौंपा गया। 'अभिव्यक्ति ऐप' और 'ग्राम चौपाल' के माध्यम से पुलिस ने सीधे जनता से संवाद किया। स्कूलों में 'गुड टच-बैड टच' और कानूनी जागरूकता के कार्यक्रमों ने पुलिस और आम नागरिकों के बीच विश्वास की खाई को पाटने का काम किया है।

**पहल : वर्तमान में उदंती में एकमात्र विशुद्ध प्रजाति का नर वनभैंसा छोटू बचा है**


# बारनवापारा से लाई जाएंगी तीन वन भैंस, ग्रामीणों ने दिया संरक्षण का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/गरियाबंद

छत्तीसगढ़ के राजकीय पशु और दुर्लभ प्रजाति के वनभैंसों के लिए प्रसिद्ध उदंती अभयारण्य में एक बार फिर उनकी संख्या बढ़ाने की कवायद तेज हो गई है। वर्तमान में उदंती में एकमात्र विशुद्ध प्रजाति का नर वनभैंसा 'छोटू' बचा है। इस संकटग्रस्त प्रजाति को बचाने के लिए अब बारनवापारा अभयारण्य से असम मूल की तीन मादा वनभैंसों को उदंती स्थानांतरित करने की तैयारी अंतिम चरण में है। हाल ही में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व प्रशासन ने कोर एरिया के 17 गांवों के 57 प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में ग्रामीणों ने राजकीय पशु के संरक्षण के लिए वन विभाग को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने वन्यजीवों के प्राकृतिक रहवास के लिए स्वेच्छा से अतिक्रमित वन भूमि छोड़ने और अवैध कटाई व वनाग्नि को रोकने में मदद करने की बात कही है। समुदायों ने यूटीआर प्रशासन को शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता करने पर सहमति जताई है।

■ उदंती अभयारण्य में फिर लौटेगी वनभैंसों की दहाड़





#### विशेषज्ञों और संस्थाओं की निगरानी

वरुण जैन, उपनिदेशक, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व ने बताया की यह पूरी परियोजना भारतीय वन्यजीव संस्थान, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ वन विभाग की देखरेख में संचालित होगी। इसमें 'खोज एवं जन जागृति' और 'अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन' जैसे गैर-सरकारी संगठन भी सहयोग कर रहे हैं। पिछले दिनों 17 गांवों के वरिष्ठ ग्रामीणों के साथ हुई बैठक सकारात्मक रही है। शुद्ध वनभैंसों की आबादी बढ़ाने के लिए ग्रामीण कदम आगे बढ़ा रहे हैं। बारनवापारा से तीन मादा वनभैंसों को उदंती लाने की कार्ययोजना तैयार है, जिससे राजकीय पशु का कुनबा फिर से बढ़ सकेगा। बैठक में अर्जुन नायक, रूप सिंह मरकाम, बेनीपुरी गोस्वामी, किरण नागेश, त्रिपुरा नेताम, पुस्तम सिंह मांझी सहित भारी संख्या में ग्रामीण और एनजीओ के सदस्य उपस्थित रहे।

#### बारनवापारा से असमिया कुनबे का होगा आगमन

छत्तीसगढ़ वन विभाग ने वर्ष 2020 और 2023 में असम के मानस नेशनल पार्क से 5 मादा और 1 नर वनभैंसा लाकर बारनवापारा में रखा था। बारनवापारा में पिछले 2 वर्षों में 5 बछड़ों के जन्म के साथ इनकी संख्या 5 से बढ़कर 11 हो गई है। इनमें से 3 मादा वनभैंसों को अब उदंती लाया जाएगा। इन्हें एकमात्र जीवित नर वनभैंसा 'छोटू' के साथ प्रजनन हेतु प्राकृतिक रहवास में छोड़ा जाएगा। स्थानांतरण के बाद इन वनभैंसों को 45 दिनों तक अनिवार्य क्वारंटाइन में रखा जाएगा और निगरानी के लिए रेडियो कॉलर लगाया जाएगा।

## नरोत्तम बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भारतीय जनता पार्टी ने गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के सक्रिय युवा नेता नरोत्तम साहू पर बड़ा भरोसा जताते हुए उन्हें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। इस घोषणा के बाद से ही मैनपुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की अनुशंसा पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू द्वारा प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की सूची जारी की गई। इसमें नरोत्तम साहू की सक्रियता और सांगठनिक कौशल को देखते हुए उन्हें प्रदेश मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व से नवाजा गया है। नवनियुक्त प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू ने अपनी नियुक्ति के पश्चात छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा से सौजन्य भेंट की। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री गागड़ा ने उन्हें मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। नरोत्तम साहू के मैनपुर पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के कई दिग्गज नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा।



जिला उपाध्यक्ष सरिता सेन, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा। रामस्वरूप साहू, बाबूलाल साहू, दिलीप साहू, रूपेश साहू, कुमारी बाई पटेल, नंदनी नेताम, धनश्याम मरकाम, तुलसी राठौर, राकेश दुबे, मोहित द्विवेदी, प्रदीप शर्मा और बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी। नरोत्तम साहू ने इस अवसर पर कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे और पिछड़ा वर्ग समाज को संगठित कर सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे।

## नववर्ष पर विधायक इंद्रकुमार ने कुलेश्वर महादेव की पूजा की



**नवापारा-राजिम।** नववर्ष 2026 के अवसर पर अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ भगवान श्री कुलेश्वर महादेव के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक श्री साहू ने इस अवसर पर क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि खुशहाली के लिए मंगल कामना किया। विधायक श्री साहू ने यहां भाजपा कार्यकर्ताओं को नए साल की बधाई दी। कहा कि भगवान कुलेश्वरनाथ की कृपा आप सब पर बनी रहे। विधायक श्री साहू के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं मातृशक्तियां दर्शन के लिए पहुंची हुई थी।

## विधायक साहू सपरिवार पहुंचे श्री राजीव लोचन मंदिर, लिया आशीर्वाद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नया वर्ष में सूर्योदय के साथ ही राजिम विधायक रोहित साहू सपरिवार श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचे। उन्होने यहां परिवार के साथ धूमधाम से पूजा-अर्चना कर समूचे राजिम क्षेत्र के खुशहाली सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। मालूम हो कि नया साल का पहला दिवस मंदिर में भक्तो, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। नववर्ष के प्रथम दिवस पर राजिम की धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र की पहचान एक बार फिर स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आई। प्रातःकाल से ही नगर के प्रमुख एवं प्राचीन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान के दर्शन-पूजन कर सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भगवान श्री राजीव लोचन, श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के अलावा कमोवेश शहर के श्री हनुमान मंदिर, श्रीराम-जानकी मंदिर, पंचेश्वर महादेव, लक्ष्मणेश्वर महादेव सहित अन्य देवालयों में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। वहीं त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किए। यहां धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ लोगों ने नववर्ष को पिकनिक और पारिवारिक भ्रमण के रूप में भी बिताया। संगम तट, उद्यानों और आसपास के पर्यटन स्थलों पर दिनभर चहल-पहल रही। बाजारों और प्रमुख चौक-चौराहों पर भी रौनक देखने को मिली, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। नववर्ष को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित बनाने के लिए टीआई अमृत लाल साहू एवं पूरा टीम पूरी तरह मुस्तैद रहा। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में सख्त पुलिस पेट्रोलिंग की गई। मंदिर परिसर, भीड़ वाले स्थानों और प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। नववर्ष की सुबह विधायक रोहित साहू, राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भगवान श्री राजीव लोचन एवं कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन-पूजन किए। उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना करते हुए नए वर्ष के मंगलमय होने की प्रार्थना की। धर्म नगरी राजिम में 2025 की विदाई और 2026 का स्वागत आस्था, उल्लास और अनुशासन के साथ हुआ, जिसने पूरे अंचल में सकारात्मक, भक्तिमय और उत्सवपूर्ण वातावरण का निर्माण किया।

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विरोध में उतरे शिक्षक, विधायक साहू को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर।

प्रदेश के स्कूलों में संस्कृत विषय की उपेक्षा और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के बढ़ते प्रभाव के विरोध में संस्कृत शिक्षक संघ ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संघ के प्रदेश संचालक पूरन लाल साहू एवं शारदा साहू के नेतृत्व में शिक्षकों ने राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर संस्कृत को अनिवार्य विषय बनाए रखने हेतु ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने विधायक को बताया कि कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र संस्कृत विषय को छोड़कर व्यवसायिक पाठ्यक्रम चुन रहे हैं। शासन के नियमों के अनुसार छात्र हिंदी, अंग्रेजी या संस्कृत में से किसी एक के विकल्प पर यह कोर्स ले सकते हैं, लेकिन व्यावहारिक रूप से केवल संस्कृत विषय के छात्र ही कम हो रहे हैं। शिक्षकों का आरोप है कि उचित जानकारी के अभाव में बच्चे इस संस्कार परक भाषा से दूर हो रहे हैं, जो देववाणी संस्कृत का अपमान है। प्रदेश संचालकों ने ज्ञापन में हरियाणा राज्य का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां विरोध के बाद व्यवसायिक पाठ्यक्रम को सातवें (अतिरिक्त) विषय के रूप में शामिल किया गया है, जिससे वहां 'त्रिभाषा' (हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत) व्यवस्था सुरक्षित है। छत्तीसगढ़ में भी ऐसी ही व्यवस्था लागू करने की मांग की जा रही है।



**आश्वासन के बाद भी आदेश न होने से नाराजगी-** शिक्षकों ने अपनी हताशा व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ समय पूर्व रायपुर में आयोजित विराट सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सकारात्मक आश्वासन दिया था। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस आदेश जारी नहीं हुआ है, जिससे व्याख्याताओं में गहरी निराशा है। राजिम विधायक रोहित साहू ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक पहल करते हुए इस विषय में उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित कर जानकारी लेने व उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। संस्कृत शिक्षक संघ ने घोषणा की है कि संस्कृत की अनिवार्यता हेतु प्रदेश स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। प्रथम चरण में सभी विधायकों, सांसदों, मंत्रियों और उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो शिक्षक उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान व्याख्याता मनहरण लाल यदु, चैतन्य यदु, दुर्गेश साहू, गोपाल यादव, सुरेखा सेन, ईश्वरी यदु, अंजना श्रीवास सहित फिंगेश्वर ब्लॉक के अनेक संस्कृत शिक्षक उपस्थित थे।

## संत पवन दीवान की जन्म जयंती पर राजिम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ के महान संत कवि, समाज सुधारक एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक पूर्व सांसद पूर्व मंत्री संत पवन दीवान जी के जन्म जयंती के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं शहरवासी बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ,उनकी धर्मपत्नी सुअंजना उपाध्याय ,अनिल तिवारी, विकास तिवारी,संदीप तिवारी तथा राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा के जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ब्रम्हचर्य आश्रम पहुंचकर संत कवि की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संत पवन दीवान जी के जीवन, कृतित्व एवं उनके द्वारा समाज को दिए गए आध्यात्मिक और नैतिक संदेशों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि पवन दीवान जी की वाणी सरल, सहज और जनमानस को आत्मिक शांति की ओर ले जाने वाली थी। उनके उपदेश आज भी समाज को सत्य, सेवा और सदभाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि संत पवन दीवान जी केवल एक कवि नहीं, बल्कि जन-जन के मार्गदर्शक थे। उनके साहित्य और विचारों में छत्तीसगढ़ की आत्मा बसती है, जो आज भी लोगों को जोड़ने का कार्य कर रही है। विधायक रोहित साहू ने उनके आध्यात्मिक योगदान को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए नई पीढ़ी के लिए उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संत कवि पवन दीवान जी के बताए मार्ग पर चलने, उनके विचारों को आत्मसात करने तथा समाज में प्रेम, करुणा और समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया। आश्रम परिसर में पूरे दिन श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहा और वातावरण भक्ति व श्रद्धा से ओतप्रोत रहा।



## कड़ाके की ठंड में आसमान के नीचे सो रही बेसहारा बुजुर्ग के लिए मसीहा बने थानेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर से मानवता को गौरवान्वित करने वाली एक सुखद तस्वीर सामने आई है। यहां मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने एक असहाय और विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) की बुजुर्ग महिला के लिए न केवल छत का इंतजाम किया, बल्कि कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए बिस्तर और राशन की व्यवस्था कर इंसानियत की नई मिसाल पेश की है। मामला ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्राम देवडोंगर का है। एक सप्ताह पूर्व गश्त के दौरान थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा की नजर 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला जयमति कमार पर पड़ी। जयमति एक टूटी-फूटी झोपड़ीनुमा खंडहर में रह रही थी जो चारों तरफ से खुला था। बातचीत में पता चला कि महिला का इस दुनिया में कोई नहीं है। विशेष पिछड़ी जनजाति से होने के बावजूद उसके पास राशन कार्ड या पक्का आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं थीं। वह जंगली कंदमूल और ग्रामीणों द्वारा दिए गए थोड़े-बहुत चावल के सहारे जीवन यापन करने को मजबूर थी।

■ खाकी में फरिश्ता, खुद के खर्च पर बनवाया घर

**वृद्धाश्रम जाने से किया इनकार, तो बनवा दिया घर-** बुजुर्ग महिला की बेबसी देखकर थाना प्रभारी का दिल पसीज गया। उन्होंने महिला को वृद्धाश्रम ले जाने का प्रस्ताव दिया, लेकिन जयमति अपना क्षेत्र छोड़ने को तैयार नहीं थी। ऐसे में थाना प्रभारी ने हार नहीं मानी और स्वयं जिम्मेदारी उठाते हुए मैनपुर से निर्माण सामग्री खरीदी और मजदूर भेजकर महज एक सप्ताह के भीतर महिला के लिए एक अस्थायी पक्का कमरा तैयार करवा दिया।



**पलंग, गद्दा और राशन पाकर छलके खुशी के आंसू-** नया घर बनकर तैयार होने के बाद थाना प्रभारी ने महिला को नया पलंग, गद्दा, चादर, और गर्म कपड़े उपलब्ध कराए। पर्याप्त मात्रा में राशन सामग्री भेंट की। जब जयमति ने अपना नया आशियाना देखा, तो उसकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। उसने भावुक होकर थानेदार को अपना 'बेटा' बताया और ढेर सारा आशीर्वाद दिया। यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद पुलिस टीम और ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। जहाँ एक ओर प्रशासन के कई विभाग कागजी खानापूर्ति में उलझे रहते हैं, वहीं एक पुलिस अधिकारी द्वारा अपने निजी प्रयासों से किया गया यह कार्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिवशंकर हुर्रा ने यह साबित कर दिया है कि वर्दी के भीतर केवल सख्त कानून ही नहीं, बल्कि संवेदनाओं से भरा एक कोमल हृदय भी धड़कता है।

### खबर संक्षेप



### प्रधानपाठक का नपाअध्यक्ष ने किया सम्मान

**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड नं 2 शासकीय प्राथमिक विद्यालय खोलीपारा के प्रधानपाठक गैंदलाल साहू को सेवानिवृत्त होने पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने श्री फल एवं शाल भेंट कर सम्मान किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के बयान से सनातन समाज में भारी आक्रोश

**मुड़ागांव (कोरासी)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा हाल ही में हिंदू समाज और सनातन परंपरा को लेकर दी गई टिप्पणियों ने प्रदेश में सियासी और सामाजिक उबाल पैदा कर दिया है। मुड़ागांव (कोरासी) में संयुक्त हिन्दू समाज



के बैनर तले गुलशन सिन्हा और अन्य सामाजिक प्रतिनिधियों ने इस बयान की तीखी निंदा की है। समाज का कहना है कि एक जिम्मेदार संवैधानिक पद पर रह चुके व्यक्ति द्वारा ऐसी टिप्पणी करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर गहरा आघात है। संयुक्त हिन्दू समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि हिंदू धर्म कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की संस्कृति और राष्ट्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि जिस सनातन परंपरा ने "सर्वे भवन्तु सुखिनः" का वैश्विक संदेश दिया, उस पर सवाल उठाना संकीर्ण और तुष्टिकरण आधारित सोच को दर्शाता है। विरोध प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन समाज की आस्था और विश्वास शाश्वत होते हैं। तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी विशेष धर्म को निशाना बनाना लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है। हिंदू समाज कोई राजनीतिक प्रयोगशाला नहीं है जिसे बार-बार अपमानित किया जाए।

### पलोटी स्कूल में एग्जीबिशन एवं फूड फेयर का आयोजन

**अभनपुर।** सेंट विंसेंट पलोटी स्कूल गातापार में साइंस एग्जीबिशन एवं फूड फेयर का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीईओ श्रीमती धनेश्वरी साहू,विशिष्ट अतिथियों में हीरा लाल कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रदीप शुक्ला, एचओडी,विज्ञान विभाग प्रो. अरुण प्रकाश , संस्था प्रमुख एवं मैनेजर फादर संतोष बारा, प्राचार्य बसील कुजूर, श्रीमती मधु तिवारी एवं फा. आदम शामिल रहे। विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में जैविक खेती, एआई, चंद्रयान-3, रोबोटिक्स, सौर ऊर्जा व पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर मॉडल प्रदर्शित किए गए वही फूड फेयर में विद्यार्थियों द्वारा तैयार स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों ने सभी को आकर्षित किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### निधन

#### भारत यादव

**राजिम।** ग्राम पोखरा निवासी भारत



यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। वे थनेश्वर यादव, यादराम के पिता थे।

#### बहुर सिंग दिवान

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत करकरा के सरपंच बहुर



सिंग दिवान का निधन 31 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के शमशान घाट में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।वे वर्तमान में सरपंच के पद पर पदस्थ थे।

## नूतन वर्ष 2026 : नया साल के स्वागत में पूरे प्रदेश भर से बड़ी संख्या में पर्यटक उमड़े

# मिनी कश्मीर और सिकासार जलाशय में उमड़ा जनसैलाब, आतिशबाजी और संगीत से गूंजा क्षेत्र







हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल सिकासार, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व, छत्तीसगढ़ का मीनी कश्मीर कहे जाने वाला ओड़ आमामोरा, देवदहरा, सोंदुर, तौरेंगा, गोड़ेनाफाल में नया साल 2026 की स्वागत में पूरे प्रदेश भर से बड़ी संख्या में पर्यटक उमड़ पड़े।

आज दिनभर इन पर्यटन स्थलो में भारी भीड़ लगी रही मैनपुर से 28 किमी दूर सिकासार जलाशय में 31 दिसम्बर की रात को ही बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच चुके थे जो गीत संगीत के मधुर धुन में रात में अलाव जलाकर जगह-जगह थिरकते खुशियां मनाते नजर आए और रात 12 बजते ही मैनपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र में घंटे भर जमकर आतिशबाजी किया गया आसमान रंग बिरंगे आतिशबाजी और पटाखे की गूंज से चारो तरफ सुनाई दे रहा था। सिकासार जलाशय में छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाको और जिलों से सैकड़ों वाहनों के माध्यम से परिवार सहित लोग पहुंचे हुए थे और जंगल पहाड़ी डेम के किनारे जगह- जगह परिवार के साथ भोजन और पकवान बनाकर नया वर्ष की खुशियां मनाते नजर आए। यहां कॉलेज से भी छात्र-छात्राओं का दल पहुंचा हुआ था रायघर कॉलेज से पहुंचे छात्र कुमारी पायल, दीपिका, जैकलीन बाघे, मधु ने बताया आज से तीन वर्ष पहले भी यहां आ चुके है यहां के प्राकृतिक सौंदर्य और खुबसूरती के चलते यहां इस बार फिर आए हैं। इस दौरान उनके साथ 40 छात्र-छात्राओ की टीम पहुंचा हुआ था। मध्यप्रदेश मंडला से पहुंचे मोटर साइकिल राइडर की टीम यहां तम्बू लगाकर एक दिन पहले से ही डेरा डाले हुए है उन्होने बताया यहां की शांति और प्राकृतिक सुकुन के चलते मध्यप्रदेश से उन्हे यहां खीच लाया है।

**उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व व पर्यटन स्थलों में लगी रही भारी भीड़**

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल मीनी कश्मीर के नाम से जाने पहचाने वाले ओड़ आमामोरा में भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे तो वहीं दूसरी ओर देवदहरा जलप्रपात, तौरेंगा, उदंती, सोंदुर जलाशय में पर्यटकों की भीड़ लगी रही। यहां पर्यटकों ने स्वतंत्र रूप से विचरण करते वन्यप्राणियो को जंगल में देख काफी खुश नजर आए। क्षेत्र के नदी नालों पहाड़, जंगलों में जगह -जगह भोजन बनाकर जहां पिकनिक का आनंद लिए। वहीं कुल्हाड़ीघाट नदी में कायकिंग का आनंद लेने सुबह से भीड़ लगी रही। मैनपुर से 22 किमी दूर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सोंदूर जलाशय में भी आज बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे थे देवदहरा जलप्रपात, तौरेंगा विश्राम गृह, उदंती अभ्यारण्य, ईको सेंटर, गोड़ेनाफाल में भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे और नये वर्ष में जमकर परिवार के साथ खुशियां मनाएं।

**जगह-जगह व गांव-गांव में डीजे की धुन में जमकर थिरके युवा-** नए वर्ष के स्वागत में 31 दिसंबर को नगर सहित क्षेत्र के कई ग्रामो में गांव-गांव युवाओं की टोली डीजे के धुन में जमकर खुशिया मनाते दिखे और रात 12 बजते ही नया साल के स्वागत में जमकर आतिशबाजी किया गया पटाखे फोड़े गए। नए साल को सेलिब्रेट करने के लिए युवाओं द्वारा एक सप्ताह पहले ही प्लानिंग कर लिया गया था जिसके तहत युवाओ में भारी खुशी देखी गई। पूरे नगर सहित क्षेत्र नए वर्ष के जश्न में डुबा नजर आया।

# दान व उदारता का महापर्व छेरछेरा 3 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



छत्तीसगढ़ देश का एक ऐसा राज्य है जो कि पूरी तरह कृषि प्रधान राज्य है और इस राज्य के निवासी पूरे साल भर खेती काम में लगे रहते हैं। धान की खेती इस राज्य की प्रमुख फसल है इसी कारण से छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां बहुत सारे पर्व मनाए जाते हैं इन सारे पर्वों में एक खास और महत्वपूर्ण पर्व है छेरछेरा का पर्व जिसे हर साल पौष मास की पूर्णिमा तिथि को बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाई जाती है। छेरछेरा पर्व की सबसे बड़ी खासियत है कि यह पर्व दान और उदारता का प्रतीक होता है। इस पर्व के दिन गांव के बच्चे, युवा, पुरूष सभी टोली बनाकर घर घर छेरछेरा मांगते हैं, मान्यता है कि इस दिन दान करने से घर में सुख समृद्धि आने के साथ ही पुण्य की प्राप्ति होती है। और दान को ग्रहण करते हैं उनके अंदर से अहंकार का नाश होता है। यही कारण है कि छेरछेरा पर्व में सभी लोग एक दूसरे के घर जाकर दान मांगते हैं। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार 2026 में पौष मास की पूर्णिमा की शुरुआत होगी 2 जनवरी दिन शुक्रवार की शाम 6 बजकर 53 मिनट से लेकर 3 जनवरी दिन शनिवार की दोपहर 3 बजकर 32 मिनट तक, ऐसे में छेरछेरा पर्व 3 जनवरी को ही मनाई जाएगी। इस दिन घर घर जाकर एक अनोखे बोल - बोलकर दान मांगते हैं और दान लेते समय बच्चे /" छेर छेरा माई कोठी के धान हेर हेरा कहते हैं तो वहीं घर की महिलाएं जब तक दान नहीं देती, तब तक ये टोलियां कहते रहते हैं अरन बरन कोदो दरन , जब्बे देबे तब्भे टरन जिसके अर्थ होता है कि बच्चे कह रहे हैं मां दान दो, जब तक दान नहीं दोगे तब तक हम नहीं जाएंगे। छेरछेरा पर्व को अंचल में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व किसानों के लिए खुशी का दिन होता है ऐसी मान्यता है कि किसान साल भर कड़ी मेहनत करने के बाद जो भी फसल पैदा होती है तो उस फसल को काटकर घर लाते हैं और इसी खूशी में यह पर्व मनाया जाता है। यानी कि यह पर्व किसानों की मेहनत और उनकी फसल की खुशियों का प्रतीक है। छेरछेरा पर्व छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक ताने बाने का एक अहम भाग है जो कि लोगों को एकजुट करना और जीवन में उदारता और सद्भावना के महत्व को सीखने के साथ ही यह दान और पुण्य के माध्यम से समाज में समानता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है।

# 23 जनवरी को मां परमेश्वरी जयंती महोत्सव में शामिल होंगे वित्त मंत्री







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा राज देवांगन समाज द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर समाज की आराध्य मां परमेश्वरी जयंती महोत्सव का शानदार आयोजन करने जा रहे है। यह आयोजन 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पंचमी के दिन समाज के छांटा रोड स्थित सामाजिक सामुदायिक भवन में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को आमंत्रित करने नए साल में 1 जनवरी बुधवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन के नेतृत्व में नवापारा राज देवांगन समाज का एक प्रतिनिधिमंडल मंत्री श्री चौधरी को आमंत्रित करने पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री चौधरी को नववर्ष की बधाई देते हुए समाज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का आग्रह करते हुए उन्हें समाज की आराध्य मां परमेश्वरी देवी का छायाचित्र भेंट किया। मंत्री चौधरी ने देवांगन समाज का आतिथ्य स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में पहुंचने के लिए हामी भरी। प्रतिनिधिमंडल में नवापारा राज देवांगन समाज के अध्यक्ष बुधराम देवांगन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष छन्नू देवांगन, सह सचिव भागवत देवांगन, वरिष्ठ सलाहकार सुरेश देवांगन, वरिष्ठ सदस्यगण जागेश्वर देवांगन, गोपाल देवांगन व गैंद राम देवांगन, संरक्षक रुखमणि देवांगन, समाज की महिला अध्यक्ष अन्नपूर्णा देवांगन, सचिव रेखा देवी देवांगन, वरिष्ठ सदस्य कुंती देवी देवांगन सहित अन्य सामाजिक बंधुगण शामिल थे।

# नया साल में पैरी उद्गम भाटीगढ़ और कांदाडोंगर में पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नववर्श पर आज क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़, कांदाडोंगर, लालपथरा पहाड़ी देव स्थल में भी सुबह से पूजा अर्चना करने आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा लोगों ने अराध्य देवी -देवताओं के दर्शन और पूजन कर नए साल के पहले दिन की शुरूआत की। पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़ मैनपुर से 03 किमी दूर पर स्थित है। यहां प्राकृतिक शिवमंदिर है जहां सभी धर्मो के लोगों का आस्था का केन्द्र है तो वहीं भाठीगढ़ स्थित पहाड़ी के ऊपर से पैरी नदी का उद्गम स्थल है और यहां काफी घनघोर मनोरम जंगल है। यहां भी सुबह से परिवार के साथ लोग पहुंचकर पूजा -अर्चना करते दिखे तो वहीं आसपास स्कूलों के बच्चे और परिवारजन यहां पहुंचकर अनेक प्रकार के पकवान बनाकर पिकनिक का भी आनंद लिए।



# राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद मार्ग के लिए 147 करोड़ रुपए स्वीकृत, बदलेगी 35 किमी सड़क की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को नई ऊंचाई देते हुए विधायक रोहित साहू ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। उनके सतत प्रयासों और सक्रियता के चलते शासन ने राजिम से फिंगेश्वर होते हुए महासमुंद तक जाने वाले 35 किलोमीटर लंबे मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन के लिए 146.86 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना की स्वीकृति के पीछे विधायक रोहित साहू की कड़ी मेहनत रही है। सड़क की जर्जर हालत और जनभावनाओं को देखते हुए विधायक श्री साहू ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर इस मार्ग के कायाकल्प की मांग प्रमुखता से रखी थी। राज्य शासन ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था, जिस पर अब आधिकारिक मुहर लग गई है।

**दो जिलों के सैकड़ों गांवों को मिलेगा सीधा लाभ**



राजिम को महासमुंद से जोड़ने वाला यह मार्ग सामरिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण से आए दिन होने वाले हादसों पर लगाम लगेगी। 35 किमी का सफर अब कम समय में और सुगमता से पूरा होगा। गरियाबंद और महासमुंद जिलों के सैकड़ों गांवों के लोगों के लिए आवागमन आसान होगा, जिससे व्यापार और शिक्षा के क्षेत्रों में नई गति आएगी।

**जनता की वर्षों पुरानी मांग पर लगा विराम-** यह मार्ग पिछले लंबे समय से अत्यंत जर्जर अवस्था में था, जिसके कारण स्थानीय जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विधायक रोहित साहू ने इस समस्या को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा। स्वीकृति मिलने की खबर सुनते ही क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। लोगों ने इसे 'क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर' बताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया है। सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक रोहित साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## संत उमेशानंद गिरि महाराज ने ली अनाथ बालिकाओं की शिक्षा की जिम्मेदारी

# शिक्षा से होगा अंतिम व्यक्ति का उत्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम कोठीगांव में आयोजित भव्य हिन्दू सम्मेलन में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल श्री राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संत उमेश आनंद गिरि महाराज ने मानवता और सेवा भाव का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। उन्होंने मुढ़ीपानी (कमार पारा) की दो अनाथ कमार बालिकाओं की 10वीं कक्षा तक की संपूर्ण शिक्षा का खर्च वहन करने की बड़ी घोषणा की। सभा को संबोधित करते हुए संत उमेशानंद गिरि ने कहा कि शिक्षा ही समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान पर जोर देते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को ऐसे बच्चों का हाथ थामना चाहिए। महाराज ने बालिकाओं को आवश्यक सामग्री वितरित की, जिसका उपस्थित जनसमुदाय ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।



**सेवा कार्यों की रही धूम-** 50 बुजुर्गों को ठंड से बचाव के लिए कंबल और गर्म कपड़े वितरित किए गए। 20 गरीब विद्यार्थियों को स्कूल बैग और गर्म टोपी प्रदान कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। क्षेत्र के पत्रकारों को जैकेट और गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत अंजनी नंदन शरण महाराज (प्रदेश सचिव) ने की। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच विश्वप्रताप ध्रुव, श्यामलाल सोरी (संचालक जिला वनोपज), जनपद सदस्य मिलनतीन बाई नागेश, उपसरपंच तिलक राम मरकाम सहित अन्य गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**सनातन और समरसता का संदेश-** सम्मेलन में वक्ताओं ने सामाजिक एकता और सनातन संस्कृति की रक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कमजोर वर्गों की मदद करना ही सच्चा धर्म है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र और समाज सेवा के संकल्प के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए।

